आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 49 | उज्जैन, गुरुवार 09 जनवरी 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# वर्तमान की मांग और भावी संभावनाओं पर कार्ययोजना तैयार करें-मुख्यमंत्री

## राजभवन में हुई शासकीय विश्वविद्यालय के कुलगुरूओं की बैठक



भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं में उच्च गुणवत्ता को लक्ष्य बनाए। लक्ष्य और प्राप्ति के प्रयासों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विश्वविद्यालयों को पर्याप्त स्वायत्ता दी गई है। जरूरी है कि कुलगुरू अपनी क्षमताओं, विश्वविद्यालय के संसाधनों और आस-पास के परिवेश के अनुसार विकास की संभावनाओं की पहचान करें।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में अपने सीमित दायरे से बाहर निकलें। वर्तमान की मांग और भविष्य की संभावनाओं पर कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि टॉस्क फोर्स बना कर समय-सीमा में सभी विश्वविद्यालयों की कार्ययोजना तैयार कराई जाए।

राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को राजभवन में आयोजित शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल और पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल भी मौजूद थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कुलगुरूओं से कहा है कि विद्यार्थी कल्याण के विषयों के प्रति संवेदनशील रहें। अभिभावक अपने बच्चें सरकार के भरोसे पर शासकीय विश्वविद्यालयों में भेजते हैं। उनकी देख-भाल पालक के दृष्टिकोण के साथ की जाए।

उन्होंने कहा कि कुलगुरु नियमित आधार पर छात्रावास, मेस, खेल सुविधाओं और कक्षाओं का नियमित निरीक्षण भी करें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय क्षेत्रीय स्तर पर रोजगार की सम्भावनाओं को बढ़ाने वाले पाठ्यक्रमों पर फोकस करें।

# सड़क हादसे में घायल को मिलेगा 1.5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज, नितिन गडकरी ने की बड़ी घोषणा



नई दिल्ली (एजेंसी)। सड़क दुर्घटना में घायलों को देशभर में मार्च तक कैशलेस इलाज मिलने लगेगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि किसी भी प्रकार की सड़क पर वाहनों के कारण हादसा होने पर घायलों को सात दिन तक प्रति दुर्घटना, प्रति व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा।

इस योजना को मार्च से इसे पूरे देश में लागू करने की तैयारी

योजना को लागू करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगले संसद सत्र में मोटर वाहन संशोधन कानून पेश किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 14 मार्च, 2024 को सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार प्रदान करने के लिए पायलट योजना शुरू की थी। योजना को बाद में छह राज्यों में लागू किया गया। अब मार्च से इसे पूरे देश में लागू करने की तैयारी है।

ट्रक और बसों को ट्रेनों के लिए कवच सुरक्षा जैसी प्रणाली आएगी- गडकरी ने बताया कि 42वीं परिवहन विकास परिषद की बैठक में सड़क सुरक्षा प्राथमिकता में रही। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि वाहन बनाने वाली कंपनियां जो भी भारी वाहन यानी बस और ट्रक बनाएंगी, उसमें तीन सुरक्षा तकनीकें अनिवार्य से रूप से होंगी।

# असम की खदान में पानी भरने से एक की मौत, 8 मजदूर अभी भी फंसे; रेस्क्यू ऑपरेशन जारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। असम के दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो में 300 फीट गहरी कोयला खदान में 9 मजदूर पिछले 48 घंटो से फंसे थे। वहीं, अब ताजा जानकारी के अनुसार, उमरंगसो क्षेत्र के 3 किलो स्थित कोयला खदान से एक शव बरामद किया गया है। खोज एवं बचाव अभियान अभी भी जारी है।

दरअसल, 6 जनवरी को खदान में अचानक पानी भर गया था। मजदूरों के रेस्क्यू के लिए सेना को लगाया गया है। मंगलवार रात ऑपरेशन रोक दिया गया था। सुबह फिर से रेस्क्यू शुरू हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, भारतीय सेना, असम राइफल्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ टीमों और अन्य एजेंसियों का संयुक्त बचाव अभियान सोमवार - 6 जनवरी को 3 किलो, उमरंगसो क्षेत्र में एक कोयला खदान में फंसे 9 लोगों को बचाने के लिए फिर से शुरू कर दिया गया है।

खदान में काम करने वाले एक खनिक, जिसका भाई भी फंसा हुआ है, ने कहा, अचानक लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया कि पानी भर रहा है (खदान में); 30-35 लोग बाहर आ गए, लेकिन 15-16 लोग अंदर ही फंस गए।

# हमारे पास अभी 40 तेजस विमान भी नहीं, चीन के छठी पीढ़ी के फाइटर प्लेन उड़ाने पर क्या बोले वायुसेना प्रमुख?



नई दिल्ली (एजेंसी)। वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों की संख्या कम है। दूसरी तरफ तेजस लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में देरी हो रही है। अब वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने इस पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने रक्षा उत्पादों के विकास में निजी भागीदारी बढ़ाने और अनुसंधान एवं विकास के लिए अधिक धनराशि आवंटित करने की वकालत की।

असफलताओं से नहीं डरना चाहिए- 21वें सुब्रतो मुखर्जी सेमिनार में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) अपनी प्रासंगिकता खो देता है, अगर इसे समय पर पूरा नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि समय बहुत अहम है। हमें शोधकर्ताओं को अधिक छूट देने की जरूरत है। असफलताएं होंगी, हमें असफलताओं से नहीं डरना चाहिए।

अगर समय पर आरएंडडी नहीं तो तकनीकी का कोई महत्व नहीं- एयर चीफ मार्शल ने कहा कि मुझे लगता है कि हम बहुत समय खो रहे हैं, क्योंकि हम असफलताओं से डरते हैं। रक्षा क्षेत्र में समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। अगर समयसीमा का ख्याल नहीं रखा गया तो तकनीक का कोई उपयोग नहीं होगा।

आरएंडडी पर रक्षा बजट का 15 फीसदी करना होगा खर्च- उन्होंने कहा कि हमें अपनी असफलताओं से सीखना चाहिए, आगे बढ़ना चाहिए और इनसे डरना नहीं चाहिए। आरएंडडी फंड बहुत कम हैं। अभी रक्षा बजट का 5 फीसदी खर्च किया जाता है। मगर इसे 15 फीसदी करना चाहिए। हमें आरएंडडी फंड को बढ़ाना और निजी भागीदारों को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना होगा।

# मालदीव के रक्षा मंत्री मौमून आज राजनाथ सिंह से करेंगे मुलाकात



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के मालदीव से अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने के लगभग आठ महीने बाद द्वीपीय देश के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए बुधवार से तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आएंगे। इस दौरान मौमून राष्ट्रीय राजधानी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। वह कई वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आठ जनवरी को नई दिल्ली में मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। इसने कहा कि दोनों मंत्री मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण, अभ्यास और रक्षा परियोजनाओं के साथ-साथ रक्षा उपकरणों की आपूर्ति सहित द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करेंगे।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, मालदीव, भारत की पड़ोसी प्रथम नीति में विशेष स्थान रखता है। इस नीति का उद्देश्य हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि लाना है। मौमून गोवा और मुंबई भी जाएंगे। ध्यान रहे कि भारत ने मालदीव के चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की मांग के बाद हिंद महासागर द्वीपसमूह में तैनात अपने लगभग 80 सैन्यकर्मियों को वापस बुला लिया था। इस पूरी घटना के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया था।

# बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला को लेकर सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई, 25 हजार परिवारों पर मंडरा रहा खतरा



नई दिल्ली (एजेंसी)। बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट कोर्ट 15 जनवरी को सुनवाई करेगा। राज्य के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य घोषित करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को विभिन्न याचिकाओं के माध्यम से चुनौती दी गई है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने मंगलवार को सुनवाई शुरू होते ही कहा कि उसके सामने दो विकल्प हैं, तीन जजों की पीठ मामले की फिर से सुनवाई करे या इसे दो जजों की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए।

# भारत-अमेरिका के बीच इस बड़े प्रोजेक्ट का रोडमैप तैयार, चीन भी होगा हैरान!





नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले साल पीएम नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच क्रिटिकल मिनरल्स (बहुमूल्य धातुओं) के क्षेत्र में चीन के वर्चस्व को चुनौती देने के लिए आपसी सहयोग की जो सहमति बनी थी उसका भावी रोडमैप तैयार हो गया है।

एक दिन पहले भारतीय एनएसए अजीत डोभाल और अमेरिकी एनएसए जैक सुलीवान की अगुवाई में हुई बैठक में तय किया गया है। इसके दो वर्गों में अलग अलग धातुओं में आपसी निर्भरता बढ़ाने के लिए सहयोग स्थापित किया जाएगा।

गैलियम और ग्रामेंनियम का सप्लाई चेन बनाने का इंतजाम- पहले चरण में ग्रेफाइट, गैलियम और ग्रामेंनियम का सप्लाई चेन बनाने का इंतजाम होगा और दूसरे वर्ग में लिथियम, टाइटेनियम, गैलियम के प्रोसेसिंग की सुविधा विकसित की जाएगी ताकि दोनों देशों की कंपनियों को इनकी आपूर्ति हो सके।

कहां किया जाता धातुओं का इस्तेमाल- बहुमूल्य धातुओं का बेहद उन्नत प्रौद्योगिकी आधारित उद्योगों में इस्तेमाल किया जाता है। जैसे ग्रेफाइट, गैलियम, लिथियम का इस्तेमाल सेमीकंडक्टर, मेमोरी सेल्स, मोबाइल फोन्स, लैपटॉप, ग्रिड स्टोरेज, इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल किया जाता है।

अब दोनों देशों की शोध संस्थानों व कारपोरेट सेक्टर के बीच सहयोग का रास्ता खुल गया है।

बहुमूल्य धातुओं के क्षेत्र में भारत व अमेरिका की एक समान समस्याएं हैं। अधिकांश बहुमूल्य धातुओं के खान, प्रोसेसिंग और आपूर्ति पर चीन का दबदबा है।

इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले बैट्री निर्माण के लिए जरूरी लिथियम का खान चीन के पास 7 फीसद ही हैं लेकिन दुनिया के 60 फीसद लीथियम बाजार पर उसका कब्जा है।

चीन पर कितना निर्भर है भारत- दुनिया में 75 फीसद बैट्रियां चीन ना रहा है। इस वजह से भारत के दोपहिया वाहनो व तीनपहिया वाहनों में जो बैट्रियां लग रहई हैं उनमें से 90 फीसद चीन से आयातित हैं। चीन पर निर्भरता कम करने में भारत व अमेरिका का सहयोग काम आएगा।

दैनिक हिन्दकुश

# नर्क के दरवाजे खोल दूंगा, हमास को डोनाल्ड ट्रंप की आखिरी वार्निंग; शपथ से पहले बंधकों को रिहा करने को कहा



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को चेतावनी दी है कि अगर उनके शपथ ग्रहण से पहले बंधकों को रिहा नहीं किया गया, तो वह मिडिल ईस्ट में नर्क के दरवाजे खोल देंगे।

दरअसल हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को 100 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया था, जिसमें अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे। हालांकि अधिकारियों का मानना है कि इनमें से कई बंधकों की मौत हो चुकी है।

20 जनवरी को शपथ लेंगे ट्रंप- डोनाल्ड ट्रंप फ्लोरिडा स्थित अपने आवास मार-ए-लागो में पत्रकारों से बात कर रहे थे। वह 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। इस दौरान अमेरिकी नागरिकों की रिहाई के लिए हमास के साथ चल रही बातचीत के सवाल पर उन्होंने यह बात कही। मिडिल ईस्ट में उनके विशेष दूत चार्ल्स विटकॉफ हाल ही में वहां से लौटे हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि बातचीत अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि यह अपने अंतिम कगार पर है। मैं चर्चा नहीं करना चाहता कि इसमें देरी क्यों हुई। निगेटिविटी में जाने का कोई मतलब नहीं है। कतर में हो रही है बातचीत

आपको बता दें कि हमास और इजरायल के बीच कतर में बातचीत हो रही है। हमास ने गाजा में बंधक बनाए गए 34 लोगों के नाम बताए हैं, जिसमें दो अमेरिकी नागरिक भी शामिल हैं। हमास सीजफायर के बदले में बंधकों को रिहा करने के लिए तैयार है।

डोनाल्ड ट्रंप ने एक सवाल के जवाब में हमास को 20 जनवरी से पहले बंधकों को रिहा करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, यह हमास के लिए सही नहीं होगा। यह किसी के लिए भी सही नहीं होगा। कहर टूटेगा। मैं कुछ और कहना नहीं चाहता।

बाइडन प्रशासन एक साल से भी अधिक समय से गाजा में युद्धविराम की असफल कोशिश कर रहा है। 7 अक्टूबर के हमले के कुछ सप्ताह बाद पहले युद्धविराम में दर्जनों बंधकों को रिहा किया गया, लेकिन बाद में लड़ाई को रोकने और अन्य बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए कुछ नहीं किया गया।

# 9/11 हमले के आरोपियों की फांसी रहेगी बरकरार? बाइडन सरकार ने अदालत से समझौता नहीं करने का किया अनुरोध

नई दिल्ली (एजेंसी)। बाइडन प्रशासन ने संघीय अपीलीय अदालत से 9/11 हमले के मास्टरमाइंड खालिद शेख मोहम्मद के साथ समझौते की प्रक्रिया पर रोक लगाने का अनुरोध किया है।

समझौता होने पर वह मृत्युदंड के खतरे से बच जाएगा। न्याय विभाग ने कोलंबिया की अदालत में दायर हलफनामे में कहा कि अगर मोहम्मद और दो सह-प्रतिवादियों के दोष कबूल करने को स्वीकार कर लिया गया तो सरकार को अपूरणीय क्षति होगी।



समझौते के खिलाफ अपील- हलफनामे में कहा गया है कि ऐसे में सरकार को इनके खिलाफ मृत्युदंड के अनुरोध का अवसर नहीं मिलेगा, जो सामूहिक हत्या के जघन्य कृत्य के आरोपी हैं। बचाव पक्ष विभाग ने समझौते पर बातचीत की थी, लेकिन बाद में इसे खारिज कर दिया गया।

प्रतिवादियों के वकीलों का तर्क है कि बातचीत कानूनी रूप से की गई थी और इसे बरकरार रखा जाना चाहिए। न्याय विभाग का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से सुनवाई का मौका सरकार को दिया जाना चाहिए।

परिवारों के सदस्य भी पहुंचे- बाइडन प्रशासन ने ऐसे समय में यह अपील की है, जब हमलों में मारे गए 3,000 लोगों में से कुछ के परिवार के सदस्य क्यूबा के ग्वांतानामो बे में अमेरिकी नौसैनिक अड्डे पर खालिद शेख मोहम्मद की दोष स्वीकार करने से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के लिए एकत्र हुए हैं।

9/11 के आरोपी अन्य दो लोगों को अगले सप्ताह अपना पक्ष रखना है। मृतकों के परिजनों में भी इसे लेकर मतभेद है। कुछ लोगों ने समझौते को सही करार दिया है, वहीं कुछ आरोपियों को फांसी देने की मांग कर रहे हैं।

## पहले शेख हसीना, अब खालिदा जिया ने छोड़ा देश... लेकिन अचानक ऐसा क्या हो गया?

नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया मंगलवार को मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए ढाका से लंदन के लिए रवाना हुईं। उनके एक सलाहकार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खालिदा जिया मंगलवार देर रात एयर एंबुलेंस से लंदन के लिए रवाना हुईं।

खालिदा जिया तीन बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। वह बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की प्रमुख भी हैं। ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से जब वह रवाना हो रही थीं, तो पार्टी के कई नेता वहां मौजूद थे।

खालिदा को कई बीमारियां- खालिदा जिया इस वक्त लिवर सिरोसिस, दिल की बीमारी और किडनी की समस्या से ग्रसित हैं। बांग्लादेश इस वक्त राजनीतिक अनिश्चितता से जूझ रहा है। शेख हसीना और खालिदा जिया बांग्लादेश की दो सबसे प्रभावशाली नेता हैं।

छात्रों के विद्रोह के बाद शेख हसीना पहले ही देश छोड़कर भारत में शरण ले चुकी हैं। वहीं अब खालिदा जिया भी लंदन चली गई हैं। बांग्लादेश में कुछ ही महीनों में चुनाव होने हैं। ऐसे में दोनों पार्टियों का राजनीतिक भविष्य क्या होगा, इस पर संशय बना हुआ है।

एक मामले में बरी हुई खालिदा- बांग्लादेश में अंतरिम सरकार चला रहे नोबेल प्राइज विजेता मोहम्मद यूनुस इस साल के अंत या अगले साल की शुरुआत में चुनाव करवाने पर विचार कर रहे हैं। शेख हसीना के कार्यकाल में खालिदा जिया को 17 साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

## साइबरट्रक को उड़ाने के लिए हुआ था ChatGPT का इस्तेमाल, लासवेगस ब्लास्ट में बड़ा खुलासा




नई दिल्ली (एजेंसी)। न्यू ईयर के दिन लासवेगस में ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर टेस्ला साइबरट्रक में हुए ब्लास्ट मामले में अहम जानकारी सामने आई है। इस धमाके की प्लानिंग के लिए पॉपुलर चैटबॉट चैटजीपीटी का इस्तेमाल किया गया था।

अधिकारियों ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध ने चैटजीपीटी से पूछा कि ब्लास्ट करने के लिए कितने एक्सप्लोजिव की जरूरत होती है और इसे कैसे इस्तेमाल करते हैं। इस मामले की जांच फिलहाल एफबीआई कर रही है।

संदिग्ध की हुई थी मौत- टेस्ला साइबरट्रक में हुए धमाके में संदिग्ध की मौत हो गई थी। उसकी पहचान 37 वर्षीय मैथ्यू लिवेल्सबर्गर के तौर पर हुई थी। वह सेना में काम कर चुका था। एफबीआई ने कहा कि घटना को अंजाम देने में वह अकेले ही शामिल था और यह सुसाइड का केस लगता है। लासवेगस मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग ने मंगलवार को कहा कि साइबरट्रक ब्लास्ट यूएस की धरती पर पहला मामला था, जब विस्फोटक सामग्री बनाने के लिए चैटजीपीटी का इस्तेमाल किया गया हो।

## सैम ऑल्टमैन पर उनकी बहन ने लगाया यौन शोषण का आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। सैम ऑल्टमैन की बहन ने संघीय अदालत में दायर मुकदमे में ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पर लगभग एक दशक तक यौन शोषण करने का आरोप लगाया है।



30 वर्षीय एन ऑल्टमैन ने आरोप लगाया कि सैम ऑल्टमैन ने 1990 के दशक के अंत से 2000 के दशक की शुरुआत तक मिसौरी में बड़े होने के दौरान उनके साथ दुर्व्यवहार किया और उनके साथ छेड़छाड़ की।

सोमवार को दायर मुकदमे के अनुसार, कथित दुर्व्यवहार तब शुरू हुआ जब वह 3 साल की थी और आखिरी घटना कथित तौर पर तब हुई जब वह वयस्क था लेकिन वह अभी भी नाबालिग थी। एन ऑल्टमैन ने पहले सोशल मीडिया पर दावा किया था कि सैम ऑल्टमैन ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। 39 वर्षीय सैम ऑल्टमैन ने मंगलवार को एक्स पर अपनी, अपनी मां और भाइयों की ओर से एक बयान पोस्ट किया, जिसमें इन दावों को पूरी तरह से झूठा बताया गया। बयान में कहा गया, इस स्थिति से हमारे पूरे परिवार को बहुत दुख पहुंचा है।

सिलिकॉन वैली के एक लंबे समय के उद्यमी और निवेशक सैम ऑल्टमैन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप ओपनएआई के चैटजीपीटी चैटबॉट की भारी सफलता के साथ एक वैश्विक प्रतिष्ठा हासिल की, जिसने 2022 के अंत में अपनी रिलीज के साथ एआई उन्माद को जन्म दिया।

ब्लूमबर्ग न्यूज ने पिछले साल सैम ऑल्टमैन की निजी संपत्ति का अनुमान 2 बिलियन से ज्यादा लगाया था, जिसमें वीसी फंड और स्टार्टअप निवेश भी शामिल है। उन्होंने कई बार कहा है कि उनके पास ओपनएआई में कोई हिस्सेदारी नहीं है। मिसौरी राज्य कानून के तहत, वादी 31 वर्ष की आयु तक बाल यौन शोषण के लिए दावा कर सकते हैं।

एन ऑल्टमैन क्षतिपूर्ति के लिए मुकदमा कर रही हैं, उनका दावा है कि उन्होंने गंभीर भावनात्मक संकट का अनुभव किया है और उनके मानसिक स्वास्थ्य उपचार से संबंधित चिकित्सा बिलों में बढ़ोतरी हो रही है।

# सिंध प्रांत में हिंसक हुआ अतिक्रमण हटाने का अभियान, अधिकारियों-भीड़ के बीच झड़प; 12 पुलिसकर्मी घायल

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में अतिक्रमण हटाने का अभियान हिंसक हो गया है, जिससे अधिकारियों और भीड़ के बीच झड़प हो गई। इस झड़प में कम से कम 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए। ये झड़पें मंगलवार को हैदराबाद शहर के कासिमाबाद इलाके में हुईं।




अधिकारियों को स्थानीय लोगों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जब वे एक सिंचाई चैनल को बहाल करने और जमीन पर 24 फुट चौड़ी सड़क बनाने के लिए अतिक्रमण और संरचनाओं को हटाने के लिए एक मजबूत पुलिस बैकअप के साथ पहुंचे। गाड़ियों के तोड़े शीशे- अतिक्रमित संरचनाओं के निवासियों ने अधिकारियों पर पथराव किया, जिससे कुछ सरकारी गाड़ियों के शीशे टूट गए। जब कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हवाई फायरिंग की और भारी आंसू गैस के गोले छोड़े तो प्रदर्शनकारी भीड़ के लगभग 12 नागरिक भी घायल हो गए।

हैदराबाद के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) जैनुल आबिदीन मेमन ने हिंसा की पुष्टि की है। उन्होंने कहा, भीड़ के साथ-साथ कुछ नागरिकों की तरफ से की गई हिंसा में लगभग 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्होंने कहा कि पिछले दिन की झड़प के बाद आज बुधवार को भी अभियान जारी था।

क्या है पूरा मामला- इस अभियान का नेतृत्व सिंचाई विभाग कर रहा है। मेमन के मुताबिक, कासिमाबाद सहायक आयुक्त के सर्वेक्षण के अनुसार क्षेत्र में 350-400 अतिक्रमित संरचनाएं मौजूद थीं। निवासी एक अलग कहानी का दावा करते हैं, उनमें से कई ने आरोप लगाया है।

# क्या करके मानेंगे ट्रंप? अब कनाडा का मैप शेयर कर बताया अमेरिका का हिस्सा, कनाडाई नेता भड़के

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा पर नजरें तिरछी किए हुए हैं। वह बार-बार कनाडा को अमेरिका में शामिल करने की बात कह रहे हैं। इस बार तो ट्रंप ने अमेरिका के झंडे वाला कनाडा का मैप शेयर कर दिया।



डोनाल्ड ट्रंप की इस हरकत पर कनाडाई नेता भड़क गए हैं। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, विदेश मंत्री मेलानी जोली और विपक्ष के नेता पियर पॉलिवेयर ने इसे लेकर ट्रंप पर निशाना साधा है। ट्रूडो ने तो यहां तक कह दिया कि कनाडा को अमेरिका में मिलाने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

ट्रंप की पोस्ट पर विवाद- दरअसल डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया एप ट्रूथ सोशल पर कुछ पोस्ट किए। एक पोस्ट में उन्होंने कनाडा के मैप पर यूनाइटेड स्टेट्स लिख दिया। वहीं दूसरी पोस्ट में उन्होंने कनाडा के मैप पर अमेरिकी झंडे की तस्वीर लगा दी। डोनाल्ड ट्रंप लंबे वक्त से अमेरिका में कनाडा के विलय की बात करते आए हैं। वह कई बार यह कह चुके हैं कि कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बना देना चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप ने जस्टिन ट्रूडो को कनाडा का गवर्नर तक कह दिया था।

कनाडाई नेताओं का जवाब- ट्रंप की बार-बार ऐसी धमकियों पर कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप की ऐसी टिप्पणियों से पता चलता है कि उन्हें ये मालूम ही नहीं है कि कौन-सी बातें कनाडा को मजबूत बनाती हैं। हमारे लोग और हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत है।

# घरेलू एयरलाइनों को आईएमडी के साथ शेयर करनी होगी मौसम से जुड़ी जानकारी, जल्द ही आएगा आदेश



नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार घरेलू एयरलाइनों के लिए विमान द्वारा उड़ान भरने और उतरने के दौरान एकत्र किए गए मौसम संबंधी आंकड़ों को आईएमडी के साथ साझा करना अनिवार्य बनाने की योजना बना रही है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि इससे पूर्वानुमान क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम. रविचंद्रन ने पीटीआई को बताया कि उनका मंत्रालय इस मामले पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ चर्चा कर रहा है और मौसम संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराना एक वर्ष के भीतर घरेलू एयरलाइनों के लिए अनिवार्य कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा, इसे अनिवार्य किया जाना चाहिए... यह न केवल एयरलाइन परिचालन के लिए बल्कि हर जगह मौसम पूर्वानुमान के लिए भी बहुत उपयोगी होगा।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव ने कहा कि मौसम पूर्वानुमान काफी हद तक एकत्रित अवलोकनों की संख्या पर निर्भर करता है।

उन्होंने कहा, हमारे पास जितने अधिक अवलोकन होंगे, हमारी भविष्यवाणियां उतनी ही बेहतर होंगी।

यह एक्जिट पोल के समान है - यदि आप अधिक स्थानों से डेटा एकत्र करते हैं, तो आपको अधिक स्पष्ट तस्वीर मिलेगी।

## चीन सीमा पर आईटीबीपी ने तैनात की 6 नई बटालियन;



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने बर्फीले मोर्चे पर परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की अपनी योजना के तहत भारत-चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर छह नई बटालियनें तैनात की हैं। इस बल ने अपनी निर्धारित 56 सीमा चौकियों में से 33 को आगे बढ़ाया है।

आईटीबीपी के महानिदेशक (डीजी) राहुल रसगोत्रा ने मंगलवार को ओडिशा के खोरधा जिले में बल के 63वें स्थापना दिवस परेड के दौरान यह बात कही।

अबूझमाड़ के जंगलों में बनेंगे अग्रिम ठिकाने- नक्सली हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में सीमा बल के अभियानों के बारे में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के सबसे घने जंगल क्षेत्रों में जल्द ही कुछ अग्रिम ठिकाने बनाए जाएंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लगभग 90,000 जवानों वाला, पर्वतीय युद्ध में प्रशिक्षित अर्धसैनिक बल 24 अक्टूबर को अपना वार्षिक स्थापना दिवस मनाता है, लेकिन विभिन्न कारणों से औपचारिक कार्यक्रम दो महीने से अधिक समय तक विलंबित होता रहा।

## कर्नाटक लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई, आठ सरकारी अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकायुक्त के अधिकारियों ने बुधवार को परिवहन विभाग के एक संयुक्त आयुक्त सहित आठ सरकारी अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर छापे मारे, जिन पर आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

जिन स्थानों पर छापेमारी की जा रही है, वे अधिकारियों से जुड़े हुए हैं जिनमें बेंगलुरू की संयुक्त परिवहन आयुक्त शोभा, कदुर के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. एस एन उमेश और बसवकल्याण स्थित लघु सिंचाई विभाग के निरीक्षक रवींद्र शामिल हैं। छापे का सामना करने वाले अन्य लोगों में शामिल हैं, खानापुर के तहसीलदार प्रकाश श्रीधर गायकवाड़; तुमकुरु में सेवानिवृत्त सड़क परिवहन अधिकारी, एस राजू; गडग नगर पालिका में सहायक कार्यकारी अभियंता, हुचेश उर्फ ??हुचप्पा; बल्लारी स्थित पिछड़ा वर्ग विभाग में कल्याण अधिकारी आर एच लोकेश और रायचूर स्थित ऋश्चस्हृह्रू कार्यालय हुलिराजा में कनिष्ठ अभियंता।

अधिकारियों ने बेंगलुरु और अन्य जगहों पर इन अधिकारियों के घरों और कार्यालयों सहित कई स्थानों पर छापेमारी शुरू कर दी है।

लोकायुक्त द्वारा दिन के अंत तक अधिक जानकारी साझा किए जाने की संभावना है।

## इवेंट्स में करता था पीछा, एक्ट्रेस को परेशान करने वाले बिजनेसमैन पर बड़ी कार्रवाई, एसआईटी ने हिरासत में लिया



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल में मलयालम एक्टर हनी रोज ने मशहूर व्यापारी बॉबी चेम्मनूर के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। विशेष जांच दल (एसआईटी)ने अब उसे हिरासत में ले लिया है। एक्ट्रेस ने बिजनेसमैन बॉबी चेम्मनूर के खिलाफ अश्लील व्यवहार और ऑनलाइन उत्पीड़न के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

हनी रोज ने एर्नाकुलम सेंट्रल पुलिस स्टेशन में इस 7 जनवरी को शिकायत दर्ज कराई थी। एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि बिजनेसमैन उन पर आपत्तिजनक कमेंट करता था।

पुलिस की कार्रवाई पर एक्ट्रेस ने दी प्रतिक्रिया- समाचार एजेंसी पीटीआई ने अनाम अधिकारियों के हवाले से उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। एक अधिकारी ने कहा कि बॉबी चेम्मनूर के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने उन्हें वायनाड से उठाया गया है। रोज ने एक समाचार चैनल को बताया कि आज उनके लिए एक शांतिपूर्ण दिन था और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने उन्हें कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया था जब उन्होंने उनके साथ इस मुद्दे को उठाया था।

सोशल मीडिया पोस्ट में एक्ट्रेस ने अपना दर्द बताया था, उन्होंने बताया था कि उसे परेशान किया जा रहा था,लेकिन किसी का नाम नहीं लिया। उनके इस बात के बाद सोशल मीडिया पर साइबर हमलों की बाढ़ आ गई और पुलिस ने दर्जनों गिरफ्तारियां कीं।

एक्ट्रेस ने बिजनेसमैन पर लगाए कौन-से आरोप- अभिनेत्री ने 5 जनवरी को अपना अनुभव साझा करते हुए खुलासा किया था कि बिजमेसमैन उन्हें लगातार डबल मीनिंग कमेंट कर रहा था और कार्यक्रमों में उनका पीछा भी कर रहा था।

अभिनेत्री ने कहा था कि वह आमतौर पर ऐसी चीजों को अनदेखा करती हैं, लेकिन इस मामले में अपमान के कारण प्रतिक्रिया देने की जरूरत थी।

हनी रोज ने कहा था कि यह व्यक्ति उन समारोहों में जाता था, जहां उन्हें आमंत्रित किया जाता था।

## तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है असम, सीएम हिमंत ने उद्योगपतियों से की राज्य में निवेश करने की अपील




नई दिल्ली (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा ने आसियान, बिम्सटेक, यूरोपीय और अन्य देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों, उद्योगपतियों से असम में आकर निवेश करने की अपील की है। 36 देशों के राजनयिकों, उद्योगपतियों और अन्य हितधारकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ सरमा ने कहा कि असम राज्य पिछले 10 वर्षों में बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में 1 लाख करोड़ रुपये के नए इंफ्रा प्रोजेक्ट आ रही हैं, जिनमें ब्रह्मपुत्र पर तीन और नए पुल, सिंगापुर सरकार की मदद से गुवाहाटी के आसपास एक शहर, गुवाहाटी से भूटान के गेलेफू तक रेलवे लाइन आदि शामिल हैं।

हरित ऊर्जा के महत्व को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का जोर हमेशा से स्वच्छ और हरित ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा पर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि असम में आने वाले सभी उद्योग अपनी ऊर्जा हरित ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त करें, जिसमें जगीरोड में टाटा सेमीकंडक्टर प्लांट भी शामिल है।

राज्य की मजबूत और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था पर बताते हुए डॉ सरमा ने कहा कि असम देश के सबसे मजबूत विकास इंजनों में से एक है, जो 12.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत अर्थव्यवस्था के अलावा, राज्य एक शैक्षणिक केंद्र भी है, जिसमें आईआईटी, एम्स, आईआईएम, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान, कई राज्य व केंद्रीय विश्वविद्यालय, कृषि विश्वविद्यालय व एनआईईएलआईटी विश्वविद्यालय परिसर जैसी आगामी परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि असम में अपेक्षित कौशल और क्षमता है। इसमें यह सुनिश्चित करने के साधन हैं कि निवेश करने के इच्छुक लोगों को देश के किसी भी अन्य राज्य द्वारा दिए जाने वाले समान प्रोत्साहन मिलें।

## दिल्ली-यूपी में ठंडी हवाओं से बढ़ा सर्दी का सितम, कोहरे ने रोक दी उड़ानों और ट्रेनों की रफ्तार, बारिश की संभावना



नई दिल्ली (एजेंसी)। ठंड और कोहरे की मार के कारण उत्तर भारत के कई राज्यों में जनजीवन मंगलवार को भी प्रभावित रहा। सबसे ज्यादा असर ट्रेनों और हवाई सफर पर पड़ा है। मंगलवार को दिल्ली के आइजीआइ एयरपोर्ट पर कम दृश्यता के कारण 400 के करीब उड़ानें विलंबित रहीं।

कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार पर भी ब्रेक- श्रीनगर, लखनऊ, चंडीगढ़,पटना, अमृतसर समेत कई एयरपोर्ट पर भी उड़ानों का कुछ ऐसा ही हाल रहा। कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लग गया है। वीआइपी ट्रेनें भी घंटों की देरी से चल रही हैं। मंगलवार को दिल्ली समेत कई क्षेत्रों में कोहरे के कारण दृश्यता कम रही। दिल्ली में सुबह 5.30 बजे न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

यूपी में आरेंज अलर्ट जारी- मौसम विभाग ने इस हफ्ते वर्षा होने का पूर्वानुमान लगाया है। बुधवार से शुक्रवार तक उत्तर प्रदेश के भी अधिकांश हिस्सों में शीत दिन को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को हिमपात तो नहीं हुआ, किंतु बारामुला जिले के गुलमर्ग में दोपहर दो बजे ऊपरी क्षेत्र कोंगोरी में हिमस्खलन हुआ। इस क्षेत्र में ढाई फीट तक बर्फ जमी है। घटना के समय वहां पर्यटक नहीं थे। पहलगाम माइनस 7.8 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य में सबसे ठंडा स्थान रहा।

बारिश व बर्फबारी होने की संभावना- मौसम विभाग ने 11 और 12 जनवरी को घाटी में हल्की बारिश व बर्फबारी होने की संभावना जताई है। वहीं उत्तराखंड में मौसम शुष्क हो गया है, लेकिन मैदानी क्षेत्रों में कोहरा और धुंध मुश्किलें बढ़ा रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिन प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहने का अनुमान है। इस दौरान पहाड़ों में पाला और मैदानी क्षेत्रों में धुंध और कोहरा छाया रह सकता है।

हिमाचल में मंगलवार को कोहरे के कारण बिलासपुर में 50 मीटर, ऊना व मंडी में 100 मीटर दृश्यता रही। दिन में मौसम के साफ रहने से अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई।


दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 पौष शुक्ल दशमी

## संपादकीय

# क्विक कॉमर्स कंपनियों का कारोबार तेजी से बढ़ा है और इसके साथ ही वे सरकार की निगरानी में...



क्विक कॉमर्स कंपनियों का कारोबार तेजी से बढ़ा है और इसके साथ ही वे सरकार की निगरानी में आ गई हैं। क्विक कॉमर्स एक विशिष्ट कारोबारी मॉडल है जिसमें बहुत अधिक संभावनाएं हैं। यह न केवल मूल्यांकन की दृष्टि से बेहतर है बल्कि यह वैश्विक स्टार्टअप जगत में भी अपने लिए जगह बनाने में सक्षम है। जो कंपनियां किराने से लेकर पका-पकाया भोजन और निजी इस्तेमाल की सामग्री तक उपभोक्ताओं को 10 मिनट के भीतर या इसके आसपास के समय में पहुंचा रही हैं उनसे प्रशासन उनके कारोबारी मॉडल को लेकर सवाल कर रहा है। इसके बाद कारोबारियों की शिकायत का नंबर आता है जिनका प्रतिनिधित्व कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) कर रहा है।


सीएआईटी की दलील है कि क्विक कॉमर्स कंपनियों ने ई-कॉमर्स के क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मानकों का उल्लंघन किया है। सीएआईटी ने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के समक्ष जो शिकायतें की हैं उनमें प्रमुख है ई-कॉमर्स के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नियम पुस्तिका के उल्लंघन में इन्वेंटरी रखने के लिए डार्क स्टोर का इस्तेमाल। इस मुद्दे के मूल में है किराना दुकानों का एक भारी भरकम नेटवर्क और उन पर पड़ने वाला क्विक कॉमर्स का संभावित नकारात्मक असर।

सरकार के लिए संतुलन कायम करना जरूरी है लेकिन ऐसा उन कारोबारों की वृद्धि को प्रभावित करते हुए नहीं होना चाहिए जिन्होंने कामयाबी प्रदर्शित की है। उल्लेखनीय है कि यह पहला मौका नहीं है जब किराना दुकानों का एंगल सामने आया और सरकार को ऐसे कदम उठाने पड़े जो वास्तव में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रभावित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए बहु-ब्रांड खुदरा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को वर्षों से इस वजह से हतोत्साहित किया गया क्योंकि इससे किराना दुकानों पर बुरा असर होगा। पारंपरिक ई-कॉमर्स कंपनियों को भी प्रत्यक्ष विदेशी नियमों के उल्लंघन के कारण मची उथलपुथल का सामना करना पड़ा। उनके खिलाफ भी स्थानीय कारोबारियों के विरोध प्रदर्शन के बाद जांच शुरू की गई थी।

यह राजनीति में एक अहम मुद्दा है क्योंकि कारोबारियों और खुदरा कारोबारियों को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। आंकड़ों की बात करें तो देश में करीब 1.3 करोड़ किराना स्टोर हैं और उनमें से अधिकांश छोटे शहरों में स्थित हैं। अनुमानों के मुताबिक अकेले पिछले एक वर्ष में करीब दो लाख किराना दुकानें बंद हो गईं। इससे यह आशंका उत्पन्न हुई कि शायद यह क्विक कॉमर्स की वजह से हो रहा है। दोनों के बीच रिश्तों की स्थापना का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है, खासतौर पर इसलिए कि अधिकांश किराना दुकानें छोटे शहरों में हैं जहां क्विक कॉमर्स अभी तक पकड़ नहीं बना सका है। सरकार किराना दुकानों को तकनीकी रूप से उन्नत करने का प्रयास कर सकती है ताकि वे गतिशील हो सकें। आगे की राह रचनात्मक होनी चाहिए। साझेदारियों और सहयोगों की मदद से इस दिशा में बढ़ा जा सकता है। किराना दुकानों को क्विक कॉमर्स की वजह से मिले अवसर का लाभ उठाते हुए तेज विकास करना चाहिए। क्विक कॉमर्स कंपनियों को भी गुणवत्तापूर्ण रोजगार तैयार करने चाहिए।

व्यापक स्तर पर देखें तो सरकार के लिए समय आ गया है कि वह बहु प्रतीक्षित ई-कॉमर्स नीति को तैयार करे। नई तकनीक और क्विक कॉमर्स जैसे नवाचार के बीच एक स्पष्ट और व्यापक नीति कई छोटी-मोटी दिक्कतों को दूर कर देगी ताकि भविष्य को ध्यान में रखकर कारोबार और मूल्य श्रृंखला तैयार की जा सके। नीति को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के नाम पर प्रतिस्पर्धा को रोकना नहीं चाहिए। तकनीक को अपनाना और उपभोक्ताओं का बदलता व्यवहार कई कारोबारी मॉडलों को बदल सकता है। नीति को अग्रगामी सोच वाला होना चाहिए।

# छोटूराम




छोटूराम परिचय सामाजिक कार्य स्वाधीनता संग्राम में भूमिका राजनीतिक गतिविधियाँ महत्वपूर्ण योगदान

सर छोटूराम भारत के स्वाधीनता सेनानी तथा राजनेता थे। ग़रीबों के बंधु के रूप में वह रहबर ए आज़म कहे जाते थे। सर चौधरी छोटूराम शारीरिक रूप से छोटे कद के व्यक्ति थे, लेकिन उनके व्यक्तित्व का कद बहुत बड़ा था। वे दीन दुःखियों और ग़रीबों के बंधु, अंग्रेज़ हुकूमत के लिये सर तो किसानों के लिये मसीहा थे। चौधरी छोटूराम का वास्तविक नाम राय रिछपाल था, लेकिन परिवार में सभी प्यार से उन्हें छोटू कहकर पुकारते थे, फिर स्कूल के रजिस्टर में भी जाने-अंजाने इनका नाम छोटूराम ही दर्ज कर लिया गया और यहीं से बालक राय रिछपाल का वास्तविक नाम छोटूराम हो गया।

### परिचय

सर छोटूराम का जन्म 24 नवम्बर, 1881 में झज्जर, हरियाणा के एक छोटे से गांव गढ़ी सांपला में बहुत ही साधारण परिवार में हुआ था। झज्जर उस समय रोहतक ज़िला, पंजाब का ही अंग था। छोटूराम का असली नाम राय रिछपाल था। अपने भाइयों में वे सबसे छोटे थे, इसलिए परिवार के लोग उन्हें छोटू कहकर पुकारते थे। स्कूल के रजिस्टर में भी उनका नाम छोटूराम ही लिखा दिया गया और ये महापुरुष छोटूराम के नाम से ही विख्यात हुए। उनके दादा जी रामरत्न के पास 10 एकड़ बंजर ज़मीन थी। छोटूराम जी के पिता सुखीराम कर्जे और मुकदमों में बुरी तरह से फंसे हुए थे।

### सामाजिक कार्य


सन 1905 में छोटूराम जी ने कालाकांकर के राजा रामपाल सिंह के सह-निजी सचिव के रूप में कार्य किया और यहीं सन 1907 तक अंग्रेज़ी के हिन्दुस्तान समाचार पत्र का संपादन किया। यहां से छोटूराम आगरा में वकालत की डिग्री करने आ गए। झज्जर ज़िले में जन्मा यह जुझारू युवा छात्र सन 1911 में आगरा के जाट छात्रावास का अधीक्षक बना। 1911 में उन्होंने लॉ की डिग्री प्राप्त की। यहां रहकर छोटूराम ने मेरठ और आगरा डिवीजन की सामाजिक दशा का गहन अध्ययन किया। 1912 में आपने चौधरी लालचंद के साथ वकालत आरंभ कर दी और उसी साल जाट सभा का गठन किया।

### स्वाधीनता संग्राम में सक्रियता

चौधरी छोटूराम ने राष्ट्र के स्वाधीनता संग्राम में डटकर भाग लिया। 1916 में पहली बार रोहतक में कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया और छोटूराम रोहतक कांग्रेस कमेटी के प्रथम प्रधान बने। सारे ज़िले में चौधरी छोटूराम का आह्वान अंग्रेज़ हुकूमत को कंपकपा देता था। चौधरी साहब के लेखों और कार्य को अंग्रेज़ों ने बहुत भयानक करार दिया। फलस्वरूप रोहतक के डिप्टी कमिश्नर ने तत्कालीन अंग्रेज़ी सरकार से चौधरी छोटूराम को देश-निकाले की सिफारिश कर दी। पंजाब सरकार ने अंग्रेज़ हुकमरानों को बताया कि चौधरी छोटूराम अपने आप में एक क्रांति हैं, उनका देश निकाला गदर मचा देगा, रक्त की नदियां बह जायेंगी। किसानों का एक-एक बच्चा चौधरी छोटूराम हो जायेगा। अंग्रेज़ों के हाथ कांप गए और कमिश्नर की सिफारिश को रद्द कर दिया गया।

### राजनीतिक गतिविधियाँ

सन 1925 में राजस्थान में पुष्कर के पवित्र स्थान पर चौधरी छोटूराम ने एक ऐतिहासिक जलसे का आयोजन किया। सन 1934 में राजस्थान के सीकर शहर में किराया कानून के विरोध में एक अभूतपूर्व रैली का आयोजन किया गया, जिसमें 10,000 जाट किसान शामिल हुए। यहां पर जनेऊ और देसी घी दान किया गया, महर्षि दयानन्द के सत्यार्थ प्रकाश के श्लोकों का उच्चारण किया गया। इस रैली से चौधरी छोटूराम भारत की राजनीति के स्तम्भ बन गए। पंजाब में रौलट एक्ट के विरुद्ध आन्दोलन को दबाने के लिए मार्शल लॉ लागू कर दिया गया था, जिसके परिणामस्वरूप देश की राजनीति में एक अजीबोगरीब मोड़ आ गया।



### योगदान

गिरवी जमीनों की मुफ्त वापसी एक्ट, 1938

यह कानून 9 सितंबर, 1938 को प्रभावी हुआ। इस अधिनियम के जरिए जो जमीनें 8 जून, 1901 के बाद कुर्की से बेची हुई थीं तथा 37 सालों से गिरवी चली आ रही थीं, वह सारी जमीनें किसानों को वापिस दिलवाई गईं। इस क़ानून के तहत केवल एक सादे काग़ज़ पर ज़िलाधीश को प्रार्थना-पत्र देना होता था। इस क़ानून में अगर मूल राशि का दोगुना धन साहूकार प्राप्त कर चुका है तो किसान को जमीन का पूर्ण स्वामित्व दिये जाने का प्रावधान किया गया।

### मृत्यु

सन 1924 से 1945 तक पंजाब की राजनीति के अकेले सूर्य चौधरी छोटूराम का 9 जनवरी, 1945 को देहावसान हो गया और एक क्रांतिकारी युग का यह सूर्य डूब गया।

# रिलायंस पर ब्रोकरेज बुलिश, शेयरों में आ सकता है 36 फीसदी का उछाल




नई दिल्ली (एजेंसी)। रिलायंस इंडस्ट्रीज पर ग्लोबल ब्रोकरेज काफी बुलिश हैं। अंतरराष्ट्रीय ब्रोकरेज फर्म जेफरीज और बर्नस्टीन का कहना है कि हालिया गिरावट के बाद अरबति कारोबारी मुकेश अंबानी की कंपनी का वैल्यूएशन काफी सस्ता हो गया है। रिलायंस का इससे आकर्षक वैल्यूएशन कोरोना के समय था। ब्रोकरेज के मुताबिक, रिलायंस के शेयर खरीदने पर रिस्क-रिवॉर्ड रेशियो काफी बेहतर हो गया है।

रिलायंस पर क्यों बुलिश हैं जेफरीज- रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर फिलहाल अपने एक साल के उच्चतम स्तर से 22 फीसदी नीचे है। ब्रोकरेज का कहना है कि यह रिलायंस का शेयर खरीदने का काफी अच्छा मौका है। जेफरीज का मानना है कि वित्त वर्ष 2026 में रिलायंस के रिटेल सेगमेंट की ग्रोथ काफी बेहतर हो सकती है। ब्रोकरेज फर्म ने रिलायंस की टेलीकॉम कंपनी जियो की संभावित लिस्टिंग पर भी विचार किया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जियो का 40 हजार करोड़ रुपये का आईपीओ इसी साल- जेफरीज के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज के ओवरऑल मुनाफे में भी सुधार हो सकता है। जेफरीज ने 1,690 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ रिलायंस पर अपनी Buy रेटिंग को बनाए रखा। इस हिसाब से रिलायंस के शेयरों में करीब 36 फीसदी की तेजी आ सकती है। बर्नस्टीन की रिलायंस पर क्या है राय

बर्नस्टीन ने रिलायंस पर अपनी आउटपरफॉर्म रेटिंग बरकरार रखी है। उसने मुकेश अंबानी की कंपनी के लिए 1,520 रुपये का टारगेट प्राइस तय किया है। इसके मुताबकि, रिलायंस के मौजूदा स्तर से 25 फीसदी की तेजी आने की उम्मीद है। ब्रोकरेज को उम्मीद है कि रिलायंस के वित्तीय नतीजों में 2025 में रिकवरी का दौर शुरू होगा। इसकी टेलीकॉम और रिटेल सेगमेंट से आय में वृद्धि होगी, साथ ही रिफाइनिंग मार्जिन में भी सुधार होगा।

बर्नस्टीन के अनुसार, रिलायंस जियो का एवरेज रेवेन्यू पर यूजर टैरिफ बढ़ोतरी के बिना भी 12 फीसदी बढ़ सकता है। रिटेल सेगमेंट में दोहरे अंकों की EBITDA वृद्धि की उम्मीद है। वहीं ग्रॉस रिफाइनिंग मार्जिन में भी इस साल सुधार होने की संभावना है।

## मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, टाटा का यह स्टॉक चमका



नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार आज मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ है। संसेक्स बुधवार को 0.6 प्रतिशत या फिर 50.62 अंक की गिरावट के साथ 78,148.49 पर बंद हुआ है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी आज 0.08 प्रतिशत या फिर 18.95 अंक की गिरावट के साथ 23,688.95 पर बंद हुआ है। बता दें, संसेक्स में आज सबसे बड़ी गिरावट अडानी पोर्ट्स के शेयरों में देखी गई है। कंपनी के शेयर करीब 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए हैं। दूसरी तरफ टीसीएस के शेयर करीब 2 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ है।

संसेक्स में आज करीब 218 कंपनियों के शेयरों में अपर सर्किट लगा है। वहीं, 282 कंपनियों के शेयर लोअर सर्किट पर बंद हुए हैं।

शेयर मार्केट बड़ी गिरावट की ओर बढ़ने लगा है। संसेक्स अब 512 अंक टूटकर 77687 पर आ गया है। निफ्टी भी गिरावट का शतक लगाकर 153 अंकों के नुकसान के साथ 23554 पर आ गया है। एनएसई पर 2667 स्टॉक्स ट्रेड कर रहे हैं, जिनमें से 1937 में गिरावट है। केवल 653 ही हरे निशान पर हैं।

अच्छी शुरुआत के बाद शेयर मार्केट की चाल बिगड़ गई है। संसेक्स-निफ्टी दोनों अब लाल निशान पर हैं। संसेक्स 214 अंक टूटकर 77984 पर है तो निफ्टी 53 अंकों के नुकसान के साथ 23654 पर।

## भारत में 3 अरब डॉलर का निवेश करेगी माइक्रोसॉफ्ट, 1 करोड़ लोगों को देगी AI ट्रेनिंग




नई दिल्ली (एजेंसी)। माइक्रोसॉफ्ट भारत में अपनी क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमताओं का विस्तार करने के लिए दो साल में तीन अरब डॉलर (लगभग 25,700 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। कंपनी के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला का कहना है कि अमेरिकी टेक कंपनी 2030 तक भारत में एक करोड़ लोगों को एआई में ट्रेनिंग भी देगी।

नडेला ने कहा कि प्रस्तावित तीन अरब डॉलर का निवेश कंपनी की तरफ से किया जाने वाला अब तक सबसे बड़ा निवेश होगा। नडेला ने अपने भारत दौरे के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की है।

माइक्रोसॉफ्ट का क्या है प्लान- माइक्रोसॉफ्ट अपनी क्लाउड कंप्यूटिंग सर्विसेज एज्योर के तहत उपलब्ध कराता है। कंपनी के पास 60 से अधिक एज्योर क्षेत्र हैं, जिनमें 300 से अधिक डेटा सेंटर शामिल हैं। नडेला आखिरी बार फरवरी, 2024 में भारत आए थे और तब उन्होंने कहा था कि कंपनी 2025 तक देश में 20 लाख लोगों को एआई स्किल का अवसर प्रदान करेगी। इसका उद्देश्य मुख्य तौर पर छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्र के व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने पर था।

नडेला ने कहा, भारत एआई इनोवेशन में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे देशभर में नए अवसर पैदा हो रहे हैं। आज हम बुनियादी ढांचे और कौशल में निवेश का एलान कर रहे हैं, जो भारत को एआई-फर्स्ट बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि कि देशभर में लोगों और संगठनों को व्यापक रूप से इसका लाभ मिले।

भारत पर माइक्रोसॉफ्ट का खास फोकस- माइक्रोसॉफ्ट का एडवांटेज इंडिया प्रोग्राम अब 2030 तक 2 करोड़ भारतीयों को एआई स्किल में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित कर चुका है। इस पहल के तहत माइक्रोसॉफ्ट ने 24 लाख भारतीयों को ट्रेनिंग दी है। इनमें से 65 प्रतिशत महिलाएं और 74 प्रतिशत लोग छोटे शहरों से थे। यह पहल भारत के युवाओं को एआई के क्षेत्र में रोजगार के लिए तैयार कर रही है।

## इन शेयरों की अचानक सस्पेंड कर दी गई ट्रेडिंग, अब निवेशक नहीं कर पा रहे कारोबार, तगड़ा झटका



नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में कुछ भी स्थिर नहीं है। बाजार में लिस्टेड कुछ शेयर ने कम समय में करोड़पति बनाने का काम किया है, तो कुछ ने कंगाल। आज हम आपको कुछ ऐसे शेयर के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने अपने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया, लेकिन इन दिनों इनकी ट्रेडिंग सस्पेंड कर दी गई है।


रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड- दिवालिया प्रोसेस से गुजर रही अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर 1.88 रुपये पर बंद हुए थे। इसमें आखिरी बार 6 जनवरी को ट्रेडिंग हुई थी। पांच साल में इसका रिटर्न 122त है।

भारत ग्लोबल डेवलपर्स लिमिटेड- भारत ग्लोबल डेवलपर्स लिमिटेड के शेयरों की इन दिनों ट्रेडिंग बंद है। इसकी आखिरी ट्रेडिंग कीमत 1236.45 रुपये थी। पिछले महीने से ही इसकी ट्रेडिंग बंद है। कंपनी के शेयरों ने सालभर में मल्टीबैगर रिटर्न दिया था।

ब्राइटकॉम ग्रुप लिमिटेड- ब्राइटकॉम ग्रुप लिमिटेड के शेयर में आखिरी बार पिछले साल 30 दिसंबर को कारोबार हुआ था। इस दिन यह शेयर 10.28 रुपये पर बंद हुआ था। पांच साल में यह शेयर 295त चढ़ा है।

रिलायंस कैपिटल लिमिटेड- अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल के शेयर 11.79 रुपये पर बंद हुए थे। दिवालिया प्रोसेस से गुजरने के कारण फिलहाल इसमें पिछले कई महीनों से ट्रेडिंग बंद है।

# साबुन, शैंपू के बढ़ रहे दाम, खाद्य तेल की कीमत बढ़ने का असर



नई दिल्ली (एजेंसी)। रिफाइंड व कच्चे पाम आयल पर सितंबर में आयात शुल्क में बढ़ोतरी के बाद खाद्य तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दूसरी तरफ पाम आयल के इस्तेमाल से बनने वाले साबुन, शैंपू, कपड़े धोने वाले पाउडर चॉकलेट, बिस्कुट जैसे आइटम के भी नए साल में महंगे होने के आसार हैं।

॥रु से लेकर गोदरेज जैसी स्वस्थ्त कंपनियां तक साबुन के दाम पर नौ प्रतिशत तक बढ़ोतरी चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में ही कर चुकी है। एफएमसीजी से जुड़े कई आइटम के उत्पादन के लिए पाम आयल प्रमुख कच्चा माल है। सितंबर में आयात शुल्क में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद पाम आयल के दाम में पिछले साल की तुलना में 30 प्रतिशत तक का इजाफा हो चुका है।

खाद्य तेल के लगातार बढ़ रहे दाम- घरेलू स्तर पर पाम आयल के दाम बढ़ने से खाद्य तेल की कीमतों में सितंबर के बाद लगातार बढ़ोतरी हो रही है। खाद्य तेल की घरेलू मांग की 55 प्रतिशत से अधिक पूर्ति आयात से की जाती है और इसमें पाम आयल की प्रमुख हिस्सेदारी होती है। पाम आयल के महंगा होने से अन्य सभी खाद्य तेलों पर इसका दबाव दिखा। गत वर्ष 14 सितंबर से पाम आयल के आयात शुल्क में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई।

खुदरा महंगाई दर के सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल सितंबर में खाद्य तेल के खुदरा दाम में सितंबर, 2023 के मुकाबले 2.47 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। पिछले साल अक्टूबर में यह बढ़ोतरी 9.51 प्रतिशत तो नवंबर में 13.28 प्रतिशत तक पहुंच गई। आयात शुल्क में बढ़ोतरी से पहले पिछले साल अगस्त में खाद्य तेल की खुदरा कीमतों में अगस्त, 2023 की तुलना में 0.86 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी।

पिछले दो महीनों से खुदरा महंगाई दर की कुल बढ़ोतरी में सब्जी के दाम के बाद खाद्य तेल की प्रमुख भूमिका दिखने लगी है। हालांकि सरकार ने घरेलू खाद्य तेल उद्योग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पाम आयल के आयात शुल्क में बढ़ोतरी की थी। ताकि खाद्य तेल के लिए आयात पर हमारी निर्भरता खत्म हो सके।

## 12000% से ज्यादा चढ़ गया यह मल्टीबैगर, इस दिग्गज निवेशक ने खरीदे हैं 160000 शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। पीटीसी इंडस्ट्रीज के शेयर बुधवार को 3 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 17,478 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर अपने 52 हफ्ते के नए हाई पर जा पहुंचे हैं। पिछले 5 दिन में पीटीसी इंडस्ट्रीज के शेयर 30 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। वहीं, एक महीने में कंपनी के शेयरों में 50 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी आई है। पिछले 5 साल में पीटीसी इंडस्ट्रीज के शेयरों में 12000 पर्सेंट से अधिक का उछाल देखने को मिला है। दिग्गज निवेशक मुकुल महावीर अग्रवाल ने पीटीसी इंडस्ट्रीज पर बड़ा दांव लगाया हुआ है।

5 साल में 12000% से अधिक उछला है शेयरों का भाव - पीटीसी इंडस्ट्रीज के शेयर पिछले 5 साल में 12265 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। पीटीसी इंडस्ट्रीज के शेयर 10 जनवरी 2020 को 140.92 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 8 जनवरी 2025 को 17,478 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 4 साल में पीटीसी इंडस्ट्रीज के शेयरों में 5230 पर्सेंट की तेजी आई है। कंपनी के शेयर 8 जनवरी 2021 को 328.01 रुपये पर थे।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# यात्रियों की यात्रा को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया

भोपाल। यात्रियों की यात्रा को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इस कड़ी में लालकुआ - क्रांतिवीर संगोल्ली रायन्ना (बेंगलुरु) - लालकुआ विशेष ट्रेन और मौला अलि - वाराणसी - मौला अलि महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन का संचालन किया जाएगा।



यह रहेगा ट्रेन का टाइम टेबल

05074 लालकुआ - क्रांतिवीर संगोल्ली रायन्ना (बेंगलुरु) विशेष ट्रेन यह ट्रेन 11 जनवरी से प्रत्येक शनिवार को चलाई जाएगी। ट्रेन लालकुआ स्टेशन से शाम 5:55 बजे प्रस्थान करेगी। यह अगले दिन सुबह 06 बजे बीना, 7:50 बजे रानी कमलापति, 9:30 बजे इटारसी और अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन दोपहर 3:25 बजे क्रांतिवीर संगोल्ली रायन्ना (बेंगलुरु) स्टेशन पहुंचेगी।

05073 क्रांतिवीर संगोल्ली रायन्ना (बेंगलुरु)- लालकुआ विशेष ट्रेन यह ट्रेन 14 जनवरी से प्रत्येक मंगलवार को चलाई जाएगी। ट्रेन क्रांतिवीर संगोल्ली रायन्ना (बेंगलुरु) स्टेशन से सुबह 7:15 बजे प्रस्थान करेगी। यह अगले दिन दोपहर 12:05 बजे इटारसी, 1:40 बजे रानी कमलापति, 15:45 बजे बीना और अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 9:05 बजे लालकुआ स्टेशन पहुंचेगी।

07087 मौला अलि - वाराणसी महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन

ट्रेन 07087 मौला अलि - वाराणसी महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन 17 फरवरी को रात 11.55 बजे मौला अलि स्टेशन से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अगले दिन शाम 5:40 बजे इटारसी स्टेशन एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 11:10 बजे वाराणसी स्टेशन पहुंचेगी।

07088 वाराणसी - मौला अलि महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन

ट्रेन 07088 वाराणसी - मौला अलि महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन 19 फरवरी को शाम 7.15 बजे वाराणसी स्टेशन से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अगले दिन दोपर 2:40 बजे इटारसी स्टेशन एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 07 बजे मौला अलि स्टेशन पहुंचेगी।

यात्रियों की मांग और सुविधा को ध्यान में रखते इंदौर से लखनऊ के लिए एक फेरा स्पेशल ट्रेन का परिचालन स्पेशल किराया के साथ किया जाएगा।

इंदौर-लखनऊ स्पेशल ट्रेन(09335) 9 जनवरी को रात 10 बजे इंदौर रेलवे स्टेशन से रवाना होगी।

10 जनवरी को दोपहर 5 बजे लखनऊ पहुंचेगी।

इस दौरान ट्रेन का ठहराव देवास, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदारामनगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल और उन्नाव रेलवे स्टेशन पर रहेगा।

ट्रेन 20 स्लीपर कोच के साथ चलेगी।

# प्रोफेसर की कार पर फायरिंग करने वाला एक बदमाश गिरफ्तार, दो अब भी फरार



डॉ. संतोष राठौर फायरिंग करते बदमाश आरोपी संतोष बरार

ग्वालियर। पहले टक्कर मारने और फिर ट्रिपल आईटीएम के प्रोफेसर की कार पर फायरिंग करने वाले बाइक सवार बदमाशों में से एक बदमाश संतोष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज और बाइक के नंबर के आधार पर बदमाश को पुलिस ने पकड़ा, वहीं इसके दो साथी अभी फरार हैं जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।प्रोफेसर ने एक युवक को पकड़ लिया था दरअसल ट्रिपल आईटीएम के प्रोफेसर संतोष सिंह जब दोपहर में भोजन करने जा रहे थे, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उनको टक्कर मार दी। उस टक्कर से कार को भी काफी नुकसान पहुंचा। जब उन्होंने एक युवक को पकड़ लिया और उससे बात करने लगे।चार गोलियां चलाईं, दो उनके पास से निकलीं तभी उसने अपने दोस्त को बुलाकर हर्जाना देने की बात कही। उसके फोन करने पर दो युवक बाइक से आए और आते ही बिना कुछ कहे सुने ताबड़तोड़ एक के बाद एक चार फायर कर दिए। दो गोलियां प्रोफेसर की कार के टायर में लगी व दो उनके काफी पास से निकल गईं। इसके बाद बदमाश फरार हो गए।

पुलिस ने इस मामले की जांच में सबसे पहले मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। फुटेज के आधार पर जांच में एक बाइक का नंबर सामने आया, तो पता चला कि वह बाइक मोतीझील निवासी संतोष नार्वे के नाम पर थी।

# शराब के नशे में ट्रक ड्राइवर ने गाय को रौंदा, 15 किमी तक घसीटते हुए ले गया



भिंड। ग्वालियर-इटावा नेशनल हाइवे 719 पर इटावा की तरफ से आलू भरकर तेजी से आ रहे ट्रक ने फूफ कस्बे में एक गाय को रौंद दिया। ट्रक में चालक हेल्पर के साथ शराब पार्टी कर रहता आ रहा था।

शराब के नशे में धुत्त ड्राइवर ने गाय को टक्कर मारने के बाद भी ट्रक को नहीं रोका। इससे गाय का शव ट्रक के नीचे फंस गया और घिसटते हुए 15 किमी भिंड तक आ गया। नपा उपाध्यक्ष भानु भदौरिया ने किसी तरह ट्रक को रोककर गाय को बाहर निकाला और ड्राइवर को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया।घटनाक्रम सोमवार को रात करीब 11 बजे का है। पुलिस ने 36 घंटे बीतने के बाद भी न तो एफआईआर दर्ज की और न ही दूसरी कोई कार्रवाई की।

उपाध्यक्ष ने गाड़ी आगे लगाकर ट्रक को रोका

बता दें, कि ट्रक क्रमांक आरजे 11 जेसी 0805 जसवंत नगर से आलू भरकर ग्वालियर जा रहा था। ड्राइवर शराब पार्टी करता हुआ आ रहा था। फूफ कस्बे में कोहरे के चलते हाइवे पर खड़ी गाय को ट्रक ने रौंद दिया।ट्रक के निचले हिस्से में फंस गई थी गाय

ड्राइवर ट्रक को तेजी से भगातार हुआ भिंड की तरफ लाया। बताया जाता है, कि टक्कर के बाद गाय ट्रक के निचले हिस्से में फंस गई। इससे घिसटते हुए भिंड तक आ गई। नपा उपाध्यक्ष का कहना है, कि फूफ से उन्हें किसी ने फोन पर हादसे की जानकारी दी।

गाड़ी आगे लगाई तब ड्राइवर रुका

वह अपने दोस्तों के साथ ट्रक को रोकने के लिए निकल आए। इटावा पर ट्रक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन ड्राइवर ने ट्रक नहीं रोका। इसके बाद उन्होंने अपनी गाड़ी ट्रक के आगे लगाई तब ड्राइवर रुका। उपाध्यक्ष के मुताबिक जब ट्रक रुका तो उसके नीचे गाय फंसी हुई थी।अब पुलिस ही फरियादी बनेगी

घिसटने के बाद शव की बुरी हालत हो गई थी। ट्रक को सिटी कोतवाली में खड़ा कराकर ड्राइवर को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। उपाध्यक्ष का आरोप है, कि पुलिस ने 36 घंटे बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की है। कोतवाली टीआई प्रवीण चौहान का कहना है, कि मामले में एफआईआर कराने के लिए कोई आगे नहीं आया है। अब पुलिस ही फरियादी बनेगी।

# भुसावल-कटनी एक्सप्रेस चोपन तक चलेगी, सिंगरौली से बढ़ेगा रेल संपर्क

जबलपुर। जबलपुर से सिंगरौली और चोपन तक की यात्रा करने वालों के लिए अच्छी खबर है। रेलवे ने भुसावल-कटनी एक्सप्रेस को चोपन तक चलाने की तैयारी लगभग पूर्ण कर ली है। भुसावल-कटनी-चोपन ट्रेन की प्रस्तावित समय-सारिणी और ठहराव को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए रेल बोर्ड के पास भेजा गया है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो फरवरी से ट्रेन का संचालन आरंभ हो जाएगा। अभी जबलपुर से सिंगरौली के लिए दो सीधी ट्रेन चलती हैं।जबलपुर से सुबह के समय सिंगरौली जाने और वापसी में सिंगरौली से शाम को जबलपुर के लिए सीधी ट्रेन नहीं है। यह कमी नई ट्रेन से पूरी हो जाएगी।

### *स्पेशल ट्रेन के रूप में लिया ट्रायल*

भुसावल-कटनी एक्सप्रेस को चोपन तक चलाने का ट्रायल किया जा चुका है। रेलवे ने गत वर्ष दीपावली और छठ पूजा के समय पर ट्रेन को कटनी से चोपन के मध्य स्पेशल ट्रेन के रूप में चलाया था।उस समय ट्रेन को भुसवाल-कटनी और कटनी-चौपन के मध्य दो अलग-अलग ट्रेन के रूप में संचालित किया गया। कटनी-चौपन रेलखंड में स्पेशल ट्रेन बनकर चलने के कारण यात्री किराया अपेक्षाकृत अधिक था। यात्री नहीं मिलने पर ट्रेन का संचालन बंद कर दिया गया था।अभी कटनी में 16 घंटे खड़ा रहता है रैक

भुसावल से कटनी पहुंचने के बाद इस ट्रेन का रैक लगभग 16 घंटे कटनी में खड़ा रहता है। इतने समय में ट्रेन कटनी-चोपन-कटनी का फेरा पूरा कर सकती है। इसलिए ट्रेन को अब उसी रैक से भुसावल से चोपन तक सीधे एक्सप्रेस के रूप में चलाने की योजना बनाई गई है। विस्तारित ट्रेन का ठहराव कटनी जंक्शन के स्थान पर कटनी साउथ होगा। ट्रेन के ठहराव का पुनर्निर्धारण करते हुए गति में वृद्धि का प्रस्ताव बनाया है। स्पेशल के स्थान पर नियमित ट्रेन दौड़ाने का विचार है, ताकि यात्री सामान्य किराए पर यात्रा कर सकें।

### *तीन राज्यों के यात्रियों को मिलेगा लाभ*

भुसावल-चोपन एक्सप्रेस के संचालन से तीन राज्यों (मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र) के यात्रियों को लाभ होगा। रेलमार्ग पर ट्रेन का अपेक्षाकृत छोटे स्टेशनों पर ठहराव रहेगा, जहां पर अन्य एक्सप्रेस ट्रेनें नहीं रुकती हैं।

चोपन, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खंडवा एवं भुसावल जैसे प्रमुख जंक्शन तक यात्रियों के लिए पहुंचना सरल होगा। भुसावल से चोपन के मध्य अभी नियमित सीधी ट्रेन सेवा नहीं है।

भुसावल-चोपन एक्सप्रेस ट्रेन के चलने से यात्रियों को पहली नियमित ट्रेन उपलब्ध होगी। हाल ही में धनबाद-नासिक के मध्य एक स्पेशल ट्रेन आरंभ की गई है। ये ट्रेन भुसावल एवं चोपन को जोड़ती है, लेकिन सप्ताह में दो दिन चलती है।

भुसावल-चोपन एक्सप्रेस एक नजर में प्रस्थान से गंतव्य तक यह ट्रेन लगभग 967 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।भुसवाल से सुबह 11:15 पर प्रस्थान कर दोपहर में 12 बजे चोपन पहुंचेगी।चोपन से शाम को चार बजे प्रस्थान कर शाम 5 बजे भुसावल पहुंचेगी।15 कोच वाले रैक से ट्रेन का संचालन होगा। समस्त श्रेणी के कोच होंगे।

लगभग 65 स्टेशनों में रुकेगी। अभी भुसावल-कटनी के बीच ही 59 ठहराव है।



# मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का तेजी से निराकरण करें- संभागायुक्त दीपक सिंह

इंदौर। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में प्राप्त आवेदनों का तेज़ी से निराकरण करें। सभी संभागीय अधिकारी इन आवेदनों के साथ ही समाधान ऑनलाइन के प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए जिला अधिकारियों के साथ सतत् निगरानी करें। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने आज संभागीय अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान बुरहानपुर ज़िले और आलीराजपुर ज़िलों में कार्य में शिथिलता एवं लापरवाही पाए जाने पर दोनों ज़िलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश उन्होंने दिए। बड़वानी और खरगोन ज़िले में जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी के कार्य में भी लापरवाही पाई गई है। इस पर भी उन्होंने क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य को इन अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त श्रीमती शैली कनाश सहित विभिन्न विभागों के संभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



नल जल योजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा के दौरान संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने पीएचई विभाग को निर्देश दिए कि प्रारंभ की गई सभी नलजल योजनाएं सुचारु रूप से संचालित किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने इंदौर ज़िले में हर घर नल जल योजना के लंबित कार्य तेज़ी से पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत इंदौर संभाग में 4406 शिविर प्रस्तावित हैं जिसमें 2866 शिविर लगाए जा चुके हैं। बैठक में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने सीएम हेल्पलाईन/समाधान ऑनलाईन के बिन्दुओं के साथ ही एक्सरसाइज की शिकायतों के निराकरण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रकरणों के निराकरण, मुख्यमंत्री मॉनिट, मुख्य सचिव मॉनिट, मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर, टी. बी. मुक्त भारत, मुख्यमंत्री जी के संभागीय बैठक के निर्देशों के पालन, धरती आबा योजना की प्रगति, जनसंवाद कार्यक्रमों के आयोजन और विकसित म.प्र. 2047 विजन डाक्यूमेंट के प्रारूप की तैयारी, 70 से अधिक आयु के आयुष्मान कार्ड की प्रगति तथा पी.एम. जल जीवन मिशन सहित अन्य विषयों की समीक्षा की।

## शास्त्री कार्नर नवयुवक मंडल के तत्वावधान में अन्नकूट महोत्सव 8 जनवरी को नरसिंग वाटिका में, समाजसेवी होंगे सम्मानित

इन्दौर। शास्त्री कार्नर नवयुवक मंडल, छोटा गणपति मंदिर, मल्हारगंज सन् 1965 में समाजसेवी संस्थापक स्व. रूपा पहलवान यादव द्वारा स्थापित की गई थी। संस्था के तत्वावधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसमें समाजसेवियों को संस्था द्वारा सम्मानित किया जाएगा। वर्तमान संस्था अध्यक्ष हुकम यादव एवं आयोजक कार्तिक यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि मण्डल द्वारा विगत 15 वर्षों से स्वयं के व्यय से प्रतिवर्ष श्री गणेश विसर्जन चल समारोह में चलित झांकी का निर्माण करता आया है, जिसकी प्रसिद्धि पूरे भारतवर्ष में है। सन् 2024 में विष्णु भगवान के वराह अवतार की झांकी का निर्माण किया जो पूरे भारत में प्रसिद्ध हुआ। संस्था द्वारा इस वर्ष अन्नकूट महोत्सव का आयोजन 8 जनवरी 2025 को शाम 7 बजे से नरसिंग वाटिका में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर यादव समाज की विभिन्न प्रतिभाओं एवं समाजसेवियों को सम्मानित कर उनका अभिनंदन किया जाएगा। हुकम यादव एवं कार्तिक यादव ने आगे बताया कि इस समारोह में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के राजनेतागण एवं समाजसेवी भाग लेंगे।

## सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम होंगे

इंदौर। इंदौर जिले में आगामी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जी के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम होंगे। मुख्य कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 12 जनवरी को सुबह 9 बजे से सुबह 10.30 बजे तक आर.ए.पी.टी.सी. मैदान महेश गार्ड लाईन में आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 4 हजार छात्र/छात्राएँ एवं शिक्षक/शिक्षिकाएँ आदि शामिल होंगे। कार्यक्रम में जिला योग समिति, सहज योग केन्द्र, आरोग्य भारती, प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, योग एसोसिएशन इन्दौर, योग संघ, एनसीसी, स्काउट गाईड, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पंतजलि योग समिति, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था (श्री रविशंकर जी), अशासकीय शिक्षण संस्थाओं तथा संबंधित विभाग, संगठन, पालक शिक्षक संघ, विभिन्न योग संस्थाएं, विवेकानन्द केन्द्र, कन्याकुमारी, आर्य समाज, विद्या भारती शिक्षा संस्थान, आरोग्य भारती, ईशा फाउंडेशन श्री रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ, गायत्री परिवार, आर्य समाज, अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के छात्रावास, स्थानीय खेल क्लब, सेवानिवृत्त सैनिक, स्थानीय निकाय, मोहल्ला क्लब, मार्निंग वाकर्स, व्यायाम शाला, हेल्थ क्लब, पंचायत, सहकारी संस्थाएँ, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में पुरस्कृत प्रतिभाएं, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, नगर सुरक्षा समितियाँ आदि की सहभागिता भी रहेगी।

## जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 11 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया

इंदौर। जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा गत एक वर्ष की उपलब्धियों के विषय में बताया गया है कि वर्ष 2024 में 11 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है। इनमें 5 हजार 251 आवेदकों ने भाग लिया तथा 3 हजार 192 आवेदकों को निजी क्षेत्र में रोजगार प्रदान किए जाने हेतु निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा प्रारंभिक रूप से चयन किया गया है। विगत वर्ष में अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया गया। जिसमें आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस महू एवं जिला प्रशासन के निर्देशन पर वर्ष 2024 में तक्षशिला परिसर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय खंडवा रोड इंदौर में आयोजित किया गया था। उक्त रैली में 14 जिले के आवेदकों का शारीरिक परीक्षण कर मेडिकल जांच की गई थी। इंदौर जिले सहित नीमच तथा आगर मालवा की अग्निवीर भर्ती रैली में एक हजार 192 आवेदक पात्र थे।

# स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस को 'युवा दिवस' के रूप में मनाया जाएगा



इंदौर। जनसुनवाई में आ रहे पारिवारिक, सम्पत्ति विवादों तथा भरण-पोषण आदि प्रकरणों में निःशुल्क विधिक सहायता देने के लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर कलेक्टर कार्यालय में विधिक सहायता संबंधी विशेष व्यवस्था की गई है। इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय में स्थापित केन्द्र के माध्यम से हर मंगलवार को पीड़ित आवेदकों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर ही यहां कलेक्टर कार्यालय में पारिवारिक, सम्पत्ति तथा भरण-पोषण आदि प्रकरणों के निराकरण के लिए मध्यस्थता केन्द्र भी स्थापित किया गया है। यह केन्द्र जनसुनवाई में आने वाले प्रकरणों के निराकरण में मददगार भी बन रहा है।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह सहित अन्य अधिकारी प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका सहानुभूति पूर्वक निराकरण कर रहे हैं। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि आवेदकों की समस्याओं को पूर्ण गम्भीरता से सुने और उनका हाथों-हाथ निराकरण करें। ऐसी समस्याएं जो मौके पर निराकृत नहीं हो रही है, उनके निराकरण के लिए समय-सीमा तय कर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर द्वारा प्रति सप्ताह निराकरण की समीक्षा भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा निराकरण सुनिश्चित करें, जिससे की आवेदकों को परेशान नहीं होना पड़े और एक ही समस्या के निराकरण के लिए कलेक्टर कार्यालय वापस न आना पड़े। बताया गया कि जनसुनवाई में अधिकांश प्रकरण पारिवारिक, सम्पत्ति विवाद तथा भरण-पोषण संबंधी विवादों के रहते है। इन्हें मध्यस्थता केन्द्र के माध्यम से सुलझाया जा रहा है। ऐसे प्रकरण जो न्यायालयीन स्तर के हैं उनमें कानूनी सलाह देने के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक जी-12 में विधिक सहायता केन्द्र के माध्यम से निःशुल्क ?विधिक सहायता देने की व्यवस्था भी की गई है।

## इंदौर संभाग के 8 जिलों के महाविद्यालयों को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा प्राप्त

इंदौर। कार्यालय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा संभाग इंदौर द्वारा गत वर्ष में अपनी वार्षिक उपलब्धियों के संबंध में बताया गया है कि इंदौर संभाग के 8 जिलों के 8 महाविद्यालयों को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा प्राप्त हुआ है। उक्त आठों महाविद्यालयों में कैंपस का समग्र विकास किया गया है, जिसमें आधुनिक बुनियादी ढांचे एवं नई प्रयोगशालाओं का निर्माण भी शामिल है। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा द्वारा बताया गया है कि वर्ष 2023- 2024 में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संभाग के युवाओं को उच्च शिक्षा के समुचित अवसर प्रदान करने के लिए संभाग में 10 नवीन शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ किए गए हैं। इससे इंदौर संभाग में शासकीय महाविद्यालयों का विस्तार ब्लॉक एवं ग्रामीण स्तर तक हो गया है। इंदौर के शहरी युवाओं की उच्च शिक्षा में संख्या भी बढ़ी है जिससे कम्पेल, बेटमा, खजराना, नंदानगर तथा खंडवा, खरगोन जिले में भी शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ हुए हैं। धार जिले में भी नवीन विधि महाविद्यालय शुरू हुआ है।

# इंदौर में शास्त्रीय गायन और नृत्य की नीव बनेगी मज़बूत

## संभागायुक्त की पहल पर शैक्षणिक जगत में गीत संगीत की शिक्षा के लिए बनी योजना

इंदौर। इंदौर शहर में 9 सीएम राईज विद्यालय हैं, जहां विद्यार्थियों के लिए संगीत की शिक्षा का प्रावधान है। इसी प्रकार शहर के तीन महाविद्यालय में संगीत की शिक्षा दी जा रही है उसे भी और अधिक समृद्ध किया जाए, इसके लिए नए संगीत शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। इस कार्य में शालेय शिक्षा समिति, महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति, नगर निगम एवं संगीत से जुड़ी अन्य सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाये। चयनित शैक्षणिक संस्थाओं में आधुनिक और व्यवस्थित संगीत कक्ष बनाए जाएंगे। इन कक्षों के निर्माण में इंदौर विकास प्राधिकरण अपनी भूमिका निभाएगा। यह बात संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने आज संभागायुक्त कार्यालय में आयोजित संगीत शिक्षकों की बैठक में कही। वे इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालय में संगीत से जुड़े शिक्षक एवं अध्येता उपस्थित थे।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने कहा कि इंदौर शहर में सभी शिक्षा संस्थानों में गायन-वादन एवं नृत्य विधा की अधिक से अधिक कार्यशालाएं हों। इसमें विभिन्न सामाजिक संस्थाएं भी अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं में इस तरह का कार्य करने वाली स्पिक मैके संस्था को आमंत्रित किया जाएगा।



श्री गौतम काले ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में गायन, वादन एवं नृत्य विधा क्षेत्र में शिक्षण और प्रशिक्षण तो हो रहा है, लेकिन उसका प्रभाव विद्यार्थियों में कम दिखाई पड़ रहा है। अतः संगीत कलाकारों और शिक्षकों के मध्य लगातार चर्चा होना जरूरी है। संगीत एक कला ही नहीं बल्कि एक साधना है। आज के दौर में संगीत सीखने में आधुनिक तकनीकों का भी इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

उस्ताद अलाउद्दीन खां कला अकादमी के पूर्व निदेशक श्री जयंत भिसे ने कहा कि इंदौर शहर में एक से बढ़कर एक कलागुरु और कलावंत है। उनकी कला और ज्ञान का लाभ विद्यालय और महाविद्यालय के संगीत विद्यार्थियों को भी मिले। अतः शिक्षण संस्थानों में अधिक से अधिक संगीत समारोह एवं संगीत कार्यशालाएं आयोजित की जाएं। सभी शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन गण मन का सामूहिक संगीत मय गान हो। सभी संगीत शिक्षण संस्थानों की एक सूची बनाई जाए। नृत्य शिक्षिका सुश्री सुचित्रा हरमलकर ने कहा कि शासकीय शिक्षा संस्थानों में रिक्त पड़े संगतकारों के पद भरे जाएं। अधिक से अधिक शास्त्रीय संगीत समारोह आयोजित किए जाएं। सहायक प्राध्यापक श्रीमती वीना वर्मा ने कहा है कि शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पूर्व ही यदि शिक्षा विभाग या अन्य संस्थाएं प्रचार-प्रसार कर यह बता दें कि कोन से शैक्षणिक संस्थान में संगीत-शिक्षा का पाठ्यक्रम है, तो नवप्रवेशी विद्यार्थियों को इसका अधिक लाभ मिलेगा।

अधिकांश संगीत शिक्षकों का मानना है कि यदि इंदौर शहर के शिक्षा संस्थानों में संगीत का विधिवत रूप से प्रशिक्षण दिया जाये, तो इंदौर का शैक्षिक वातावरण गायन, वादन एवं नृत्य तीनों विधाओं में अपनी चमक शहर की सीमाओं को पार करता हुआ देश-विदेश में भी अपनी एक विशिष्ट पहचान बना सकेगा। बैठक में डॉ. किरणबाला सलूजा, डॉ. रचना शर्मा सहायक प्राध्यापक भुवनेश्वरी, श्रीमती रचना शर्मा, श्रीमती प्रिया गोखले, श्री कपिल देव भल्ला संयुक्त संचालक शिक्षा श्री अरविन्द सिंह श्रीमती मंजुला शर्मा, आनंद खापरे तथा शांतिलाल यादव ने भी अपने बहुमूल्य विचार रखें। संस्कृतिकर्मी श्री जयंत भिसे ने संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे इंदौर में संगीत की शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए नई शुरुआत होगी।



अवन्तिकायाम विहित्वारम मुक्ति प्रदायनाय च सजनाम,
अकाल मृत्यु परिरक्शनाय, वन्दे महाकाल महा सुरेश्वरम
भूतभावन भगवान श्री महाकाल महाराज सभी को आरोग्यता प्रदान करें

# निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव ने किया वार्ड क्र. 51 में डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन

उज्जैन। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) अंतर्गत नवीन प्रस्तावित सड़कों के डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है जिसके क्रम में वार्ड क्रमांक 51 अंतर्गत 40 लाख रुपए की लागत से विभिन्न क्षेत्र में डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन बुधवार को निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, निगम आयुक्त आशीष पाठक, झोन अध्यक्ष संग्राम सिंह भाटिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना अंतर्गत झोन क्रमांक 06 अन्तर्गत विभिन्न सड़कों के डामरीकरण कार्य हेतु लगभग 2 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है जिसके कार्य वार्डों में चरणबद्ध तरीके से किए जाएंगे शहर में विकास एवं निर्माण कार्यों का सिलसिला निरंतर ऐसे ही चलता रहेगा जिसके क्रम में आज वार्ड क्रमांक 51 के तहत विभिन्न क्षेत्रों में 40 लाख रुपए की लागत से डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन संपन्न किया गया।

पार्षद श्रीमती आशिमा गौरव सेंगर द्वारा बताया गया कि डामरीकरण कार्य अंतर्गत राशि रुपए 40 लाख की लागत से महानंदा नगर शॉपिंग कंपलेक्स वाली रोड, अन्नपूर्णा नगर शुद्ध श्री रेस्टोरेंट से बसंत विहार में रोड, महाश्वेता नगर के सामने सड़क इस्कॉन मंदिर तक एवं इस्कॉन मंदिर के सामने डामरीकरण का कार्य किया जाएगा जो कि मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत नगर निगम द्वारा किया जा रहा है।

इस अवसर पर पार्षद श्रीमती आभा कुशवाहा, उपायुक्त श्रीमती कृतिका भीमावत, मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी, महामंत्री संजय अग्रवाल, मुकेश यादव, कार्यपालन यंत्री पीयूष भार्गव, जोनल अधिकारी साहिल मेदावाला एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## 12 जनवरी को उज्जैन कीर समाज धर्मशाला पर होगी अध्यक्ष पद को लेकर निर्णायक बैठक, लिए जाएंगे बड़े निर्णय

उज्जैन। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में कीर समाज धर्मशाला में अध्यक्ष पद को लेकर चल रहे विवाद के बाद उज्जैन, इंदौर, देवास जिलों सहित अन्य क्षेत्रों में निवासरत समाज के लोगों में आपस में विवाद उत्पन्न हो रहा है, रिश्तेदारों में विवाद उत्पन्न हो रहा है। जिसकी गंभीरता को लेकर कीर समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने समाज हित में बड़ा कदम उठाते हुए अध्यक्ष के विवाद को समाप्त करने का सर्वानुमति से बड़ा निर्णय लिया गया है और उज्जैन कीर समाज धर्मशाला से दोनों अध्यक्ष के अधिकार को समाप्त करते हुए, सर्वानुमति से एक अध्यक्ष मनोनयन के लिए उज्जैन कीर समाज धर्मशाला में 12 जनवरी 2025 को कीर समाज की एक बड़ी बैठक का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उज्जैन कीर समाज धर्मशाला के एक अध्यक्ष का मनोनयन सर्वानुमति से करेंगे और उस दिन जो अध्यक्ष बनेगा वो ही सर्वमान्य अध्यक्ष होगा।

उक्त जानकारी देते हुए उज्जैन कीर समाज धर्मशाला के वरिष्ठ सदस्य समाजसेवी बनेसिंह कीर बैंक मैनेजर ने बताया कि 12 जनवरी को आयोजित होने वाली बैठक के लिए सभी को सूचना दी जा चुकी है और जो शेष रह गए हैं उन्हें भी सूचना दी जा रही है।

बनेसिंह ने सभी समाजजनों से आह्वान किया है कि वर्तमान में उज्जैन कीर समाज धर्मशाला में दो अध्यक्ष का विवाद चल रहा है, वहीं समाज की धर्मशाला में समाज के लोगो के साथ मारापीटी भी हुई है। इन अभी बातों को ध्यान में रखते हुए कीर समाज के सभी वरिष्ठजनों और युवाओं ने समाज हित में व्यापक निर्णय लेते हुए समाज में अध्यक्ष पद को लेकर चल रहे विवाद को खत्म करने का बड़ा निर्णय लेकर बड़ा कदम उठाया है जो सराहनीय है। हम सभी समाज जन आगे आए और 12 जनवरी को अधिक से अधिक संख्या में उज्जैन कीर समाज धर्मशाला पहुंचकर धर्मशाला अध्यक्ष का मनोनयन करे। 12 जनवरी को जो भी उज्जैन कीर समाज धर्मशाला का अध्यक्ष बनेगा उसे ही सर्वमान्य अध्यक्ष माना जाएगा और इसके संबंध में जिला कलेक्टर और जिला एसपी सहित पंजीयन विभाग सहित अन्य सभी जिम्मेदार विभागों को भी सूचना दी जाएगी। बनेसिंह ने कहा कि समाज में अध्यक्ष पद को लेकर आए दिन हो रहे विवाद का निपटारा करने के लिए आगे आए सभी समाज जन बधाई के पात्र है।

## नेपाली बाबा आज आएंगे उज्जैन, करेंगे बाबा महाकाल का पूजन



उज्जैन। यज्ञ सम्राट परम तपस्वी 1008 आत्मानंद दास महात्यागी (नेपाली बाबा) जी महाराज आज गुरूवार 9 जनवरी को उज्जैन प्रवास पर आएंगे। यहां बाबा महाकाल के दर्शन अभिषेक के पश्चात भक्तों को दर्शन आशीर्वाद देंगे।

समाजसेवी हरिसिंह यादव, रवि राय ने बताया कि उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन पूजन एवं भक्तों के साथ इलाहाबाद में महाकुंभ को लेकर चर्चा करेंगे। बैठक के पश्चात नेपाली बाबा इलाहाबाद में कुंभ मेले के लिए निकलेंगे।

## भाटी बने वाल्मीकि समाज उज्जैन संभाग कौर कमेटी के अध्यक्ष



उज्जैन। वाल्मिकी समाज अधिकारी कर्मचारी संघ सम्पूर्ण भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल किशोर कोड़े ने उज्जैन संभाग के सामाजिक गतिविधियों को देखते हुये उज्जैन संभाग अध्यक्ष हेमराज घावरी एवं जिला अध्यक्ष रवि सिहोते की अनुशंसा पर जीतेन्द्र भाटी को उज्जैन संभाग कौर कमेटी अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

जीतेन्द्र भाटी आगामी आदेश तक एवं शासन के नियमो का उल्लंघन न करते हुवे शासन के नियम अनुसार कार्य करेंगे। इस अवसर पर उज्जैन संभाग अध्यक्ष हेमराज घावरी, रवि सिहोते उज्जैन जिला अध्यक्ष, जीतेन्द्र कुमार गोसर उज्जैन संभाग उपाध्यक्ष, मनोहर गोहर उज्जैन संभाग सचिव, दिनेश लावरे उज्जैन संभाग महामंत्री, कुन्दन गिरजे उज्जैन संभाग मंत्री, कमल देवधरे, दिनेश तंवर, कमल फतरोड़, संतोष घावरी, अजय डागर, संतोष टोपे, मोहनलाल करोसिया, रामेश्वर कलोसिया, घनश्याम छपरी, कमल गोयल ने बधाई दी। यह जानकारी उज्जैन संभाग मीडिया प्रभारी रामु हंस ने दी।

# राग भोग श्रृंगार पर आधारित पुष्टिमार्गीय प्रदर्शनी का शुभारंभ



उज्जैन। श्री वल्लभ वैष्णव मण्डल, महिला मण्डल एवं युवा मण्डल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा रसपान महोत्सव एवं 108 भागवतजी पारायण के द्वितीय दिवस श्री अनंत नारायणजी नागर धार्मिक ट्रस्ट द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में लगाई गई राग भोग श्रृंगार पर आधारित पुष्टिमार्गीय प्रदर्शनी का शुभारंभ अनंत श्री विभूषित राजाधिराज ज.पी. पद्मश्री, पद्मभूषण सम्मानित गोस्वामी श्री गोकुलोत्सवजी महाराजश्री के लालजी (सुपुत्र) सोमयज्ञ सम्राट आचार्य श्री डॉ. गोस्वामी पू.पा. श्री बृजोत्सवजी महाराज श्री द्वारा किया गया।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि प्रदर्शनी शुभारंभ पश्चात श्रीमद् भागवत कथा के लिए युवा मंडल द्वारा झांज डमरू बजाकर पुष्प वर्षा एवं ध्वज लहराते हुए आपश्री को व्यास गादी पर वैष्णव जन ले गए। जहां पर आपश्री द्वारा पूजन किया। मंडल के संस्थापक संरक्षक विट्ठल नागर एवं संगीता नागर द्वारा आपश्री का तिलक लगाकर आसन पर विराजित किया एवं उनका आशीर्वाद लिया। भागवत कथा में विशेष तौर पर गोविंद खंडेलवाल, गोवर्धन लाल मेहता, विजयजी, श्री खड़ायता गुजराती समाज उज्जैन, के पदाधिकारी गढ़ किशोरीदेवी कृष्णगोपाल नीमा, गीता बाई गिरिराज नीमा, पुष्पादेवी द्वारकादास मंडोवरा, अनिल सुबोध अशोक नागर (देपालपुर), गंगा गिरधर बजाज, कमलेश नीमा, एन विजय गोयल, गुजराती महिला किटी ग्रुप, अनामिका मनोज नीमा, बेबी सहित सैकड़ो वैष्णव ने श्री भागवत कथा का लाभ लिया।

श्री वल्लभ वैष्णव मण्डल के संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के नेतृत्व में भव्य सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा रसपान महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। 13 जनवरी तक प्रतिदिन महाकाल परिसर हीरामिल रोड पर प्रतिदिन दोप. 2 बजे से होने वाली कथा में श्री वल्लभवंशावतश सोमयज्ञ सम्राट आचार्य डॉ. गोस्वामी श्री ब्रजोत्सवजी महोदयश्री भागवत कथा करेंगे।

## मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर संघ ने किया संगठन का विस्तारीकरण 300 सदस्य बनाएं



उज्जैन। मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर संघ पूर्व में 32 जिले थे किंतु पुलिसपेंशनर संघ नेड्डअपनाविस्तारीकरण करते हुए प्रांतीय पुलिस पेंशनर संघ के अध्यक्ष श्री एमपी सिंह परिहार द्वारा लगातार भ्रमण कर तीन जिलों में पुलिस पेंशन संघ के करीबन 300 सदस्यों ने पेंशनर संघ की सदस्यता ली। पुलिस पेंशनर संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी अखिलेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भोपाल में श्री संतोष गौतम को अध्यक्ष मनोनीत कर करीबन 200 सदस्यों ने संगठन की सदस्यता ली। इसी प्रकार राजगढ़ में श्री आरती साहू को अध्यक्ष मनोनीत कर करीबन 70 सदस्यों ने सदस्यता ली। तथा मालवा आगर में श्री रामचंद्र वृन्दावाल को अध्यक्ष मनोनीत कर 25 सदस्यों ने पुलिस पेंशन की सदस्यता ली। मध्य प्रदेश पुलिस पेंशन ने वर्तमान में मध्य प्रदेश के 35 जिलों में अपने संगठन का विस्तार किया है। इस मौके पर प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री योगेंद्र सिंह सेंगर, श्री शिव सिंह तोमर, उज्जैन पुलिस पेंशनर संघ के अध्यक्ष प्रमोद सिंह भदोरिया, जिला शाहजहांपुर के श्री अवधेश कुमार द्वारा संगठन के विस्तार में विशेष योगदान दिया गया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com